हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
**रोहतक**, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

10 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में तीसरे दिन भी किया विरोध प्रदर्शन



10 31 दिसम्बर तक गोशाला में होंगे बेसहारा पशु...



## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करते दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने सट्टा खाईवाली के खिलाफ दोहरी सफलता हासिल की है। सीआईए ने गुप्त सूचना के आधार पर शहर के अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपितों को जुआ खेलते व खिलवाते हुए गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से हजारों रुपये की नकदी व सट्टा उपकरण बरामद किए गए हैं। सीआईए की एक टीम ने मोहल्ला नलापुर में दबिश दी। पुलिस को सूचना मिली थी कि नलापुर निवासी रतनलाल अपने घर पर अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का काम कर रहा है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस ने रेड की और मौके से रतनलाल को काबू किया।

### बच्चे को बाइक चालक ने मारी टक्कर

**कनीना।** सड़क हादसे में मां के साथ चल रहा तीन वर्षीय बच्चा घायल हो गया। इस बारे में धर्मबीर वासी करीरा ने सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पुत्री रितु व उसका तीन वर्षीय बेटा कनीना से सामान खरीदकर वापस जा रहे थे। बिजली घर के समीप पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आई बाइक ने उसे टक्कर मार दी। जिससे तीन वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायल बच्चे को तत्काल उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया।

### डीटीपी ने की अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़

**नारनौल।** जिला नगर योजनाकार टीम ने मंगलवार को शहरी क्षेत्र में नीरपुर बस स्टैंड के पास राजस्व सम्पदा मौजा पटीकरा व नीरपुर में लगभग पांच एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लगभग पांच एकड़ भूमि में 30 डीपीसी व छह चारदीवारी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ दिए गए। यह पूरी तोड़फोड़ कार्रवाई डयूटी मजिस्ट्रेट सतेन्द्र कुमार सहायक नगर योजनाकार की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से अमल में लाई गई।

### ग्रामीणों ने रोका घटिया पशु अस्पताल निर्माण

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में पशु हॉस्पिटल की चारदीवारी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण में घोर अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। सोमवार को ग्रामीणों ने विरोध करते हुए घटिया निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में घटिया किस्म ईंटें व बिल्कुल हल्की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप दो दिन पहले चिनाई में प्रयोग हुई सामग्री के कारण हाथ से ईंटें उखाड़ने पर आसानी से उखड़ रही हैं। चारदीवारी निर्माण कार्य में खुलेआम घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है।

## ट्रैफिक कर्मी को मिलेगी राहत : महावीर चौक व होण्डा चौक पर लगेगी रेड लाइट, महेंद्रगढ़ रोड पर कोर्ट मोड पर ब्लनिंकर लाइट

# 8 साल के बाद शहर में नई रेड लाइट से ट्रैफिक व्यवस्था होगी 'ऑन', तीन जगह चिन्हित



नारनौल। नो–एंट्री के बावजूद महावीर चौक पर भारी वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- एक सप्ताह बाद नई ट्रैफिक लाइट लगाने का काम हो जाएगा शुरू, हजारों वाहन रोजाना महावीर चौक से कर रहे आवागमन

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। करीब आठ साल बाद शहर में तीन जगह रेड लाइट दोबारा ऑन दिखाई देगी। महावीर चौक व हीरो होण्डा चौक पर रेड लाइट लगाई जाएगी। यह इंवेटर बैट्री पर आधारित होगी और बिजली गुल होने के बाद भी इसका बैकअप करीब आठ घंटे का रहेगा। महेंद्रगढ़ रोड के कोर्ट मोड पर ब्लनिंकर लाइट लगेगी। करीब एक साल तक कंपनी ही रिपेयरिंग का कार्य देखेगी। इसके लिए नगर परिषद ने 29 लाख का टेंडर निकाला है। टेंडर भी ओपन हो गया है और एक कंपनी को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए है। नप प्रशासन का दावा है कि एक सप्ताह बाद तीनों जगह ट्रैफिक लाइट लगाने का कार्य शुरू हो जाएगा। अगर ऐसा हो जाता है तो शहरवासियों को ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नए साल का तोहफा मिल  आपको बताते चले कि करीब 10 साल पहले नगर परिषद की ओर से महावीर चौक, हीरो होण्डा चौक व कोर्ट मोड पर ट्रैफिक लाइट लगाई गई थी। कुछ समय तक तो सब ठीक ठाक रहा। उसके बाद यह रेड लाइट शोपिस बनकर रह गई। महावीर चौक पर दो दिशा में लगी लाइटों को वाहनों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस अनियंत्रित यातायात और अक्सर लगने वाले जाम को नियंत्रित करने में ट्रैफिक पुलिस के जवानों को पसीना बहाना पड़ रहा है। खास ये कि रोजाना प्रशासनिक अधिकारी महावीर चौक से आवागमन करते है। इससे न केवल यातायात पुलिस कर्मियों को भारी परेशानी हो रही है, बल्कि हादसों का भी डर बना रहता है।

### इन तीन जगह पर यूं जरूरी है ट्रैफिक लाइट

जिला में सर्वाधिक भीड़ का स्थान महावीर चौक : जिला में नारनौल शहर का महावीर चौक सबसे बड़ा भीड़ भाड़ वाला चौराहा है। यहां रोजाना करीब हजारों की संख्या में छोटे–बड़े वाहन आवागमन करते है। इस वजह से यहां सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक लाइट नहीं होने की वजह से यहां पांच से सात ट्रैफिक पुलिस कर्मी सदैव तैनात रहते है। बिना रेडलाइट के दिनभर उनकी भागदौड़ से ही ट्रैफिक व्यवस्था काबू में आती है। यहां रेडलाइट लगने के बाद ट्रैफिक पुलिस कर्मी भी राहत की सांस लेंगे।

**हीरो होण्डा चौक :** शहर में हीरो होण्डा चौक महावीर चौक से करीब 400–500 मीटर दूरी सिंघाना रोड की तरफ है। यह तिराहा है। एक तरफ सिंघाना तो दूसरी तरफ निजामपुर और तीसरी तरफ शहर आवागमन का रास्ता है। यह ट्रैफिक होने की वजह से दो से तीन पुलिस कर्मी ड्यूटी देते है। रेडलाइट लगने के बाद दुर्घटनाओं का ग्राफ भी कम होगा।

**कोर्ट मोड पर लगेगी ब्लनिंकर लाइट :** तीसरी ट्रैफिक लाइट शहर में महेंद्रगढ़ रोड पर कोर्ट मोड के पास लगेगी। यह वार्निंग लाइट होगी। जो पूरी तरह सोलर पैनल पर आधारित होगी। वार्निंग लाइट का मतलब सड़क पर आवागमन करने वाले चालक यह समझ लें कि क्रॉस करने का रास्ता है। वाहन को धीरें करें और दोनों तरफ देखकर धीमी गति से उस जगह को पार करें।

### लाल बत्ती का मतलब : रुकना

**हरी बत्ती का मतलब : आगे बढ़ना**
**पीली बत्ती का मतलब : सावधानी** और रुकने के लिए तैयार रहने का संकेत देती है, जो लाल बत्ती से पहले या हरी बत्ती के बाद आती है, ताकि वाहन चालक धीरे हो सकें और रुक सकें या सुरक्षित रूप से निकल सकें, जिससे सड़क पर सुरक्षा बनी रहें।

### क्या कहते हैं जेई

नगर परिषद के जेई कृष्ण कुमार ने बताया कि शहर में तीन जगह ट्रैफिक लाइट लगाई जाएगी। इसका टेंडर देकर वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है। प्रयास रहेगा कि एक सप्ताह में यह लग जाए और शहर को नए साल पर यह वाहन सुरक्षित व्यवस्था का तोहफा मिल जाए।

## कृषि विभाग ने जारी की एडवाइजरी, सफेद रतुआ भी पहचान करके करें दवा का प्रयोग


# दिन व रात के तापमान में बड़ा अंतर, फसलों के लिए नुकसान

**जिले में लगभग 111000 हेक्टेयर क्षेत्र में की गई है सरसों की बिजाई**

*कुछ दिनों से जिले में रात्रि तापमान लगभग छह से सात डिग्री व दिन का तापमान 23 से 25 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव देखने का मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर दिन व रात के तापमान में भी बड़ा अंतर बना हुआ है। गत कुछ दिनों से जिले में रात्रि तापमान लगभग छह से सात डिग्री व दिन का तापमान 23 से 25 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो फसलों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। खासकर दिन का तापमान सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि मंगलवार को दिन के तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर बारिश की भी कोई संभावना नहीं है। ऐसे में किसानों को सलाह दी जाती है कि सरसों की सिंचाई करें तथा उसका समय-समय पर निरीक्षण भी करते रहे।



नारनौल। खेत में लहलहाती सरसों की फसल। फोटो : हरिभूमि

### किसानों के लिए सलाह

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के किसान भाईयों के लिए सरसों की फसल की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण सलाह जारी की है। विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वह कृषि विभाग की एडवाइजरी का पालन करें। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 111000 हेक्टेयर क्षेत्र में सरसों की बिजाई की हुई है, जो रबी सीजन की प्रमुख फसल है। यह फसल लगभग 60 से 65 दिनों की हो चुकी है और जैसे जैसे ठंड व गहरा कोहरा बढ़ेगा, सफेद रतुआ व तना गलन जैसी बीमारियों की संभावना बन सकती है।

### पछेती फसल में ज्यादा संभावना

इस संबंध में डीडीए देवेंद्र सिंह ने बताया कि सफेद रतुआ के पहचान के लक्षण तने तथा पत्तियों पर सफेद अथवा पीले क्रीम रंग के कील से प्रकट होते हैं, और तने व फूल बेढंगे आकार के हो जाते हैं, जिन्हें स्टैग हैड कहते हैं। यह ज्यादातर पछेती फसल में होता है। इसके उपचार के लिएए लक्षण नजर आते ही 600 ग्राम मेन्कोजैब डाइथेन या इन्डोफिल एम 45 को 250 से 300 लीटर पानी में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से 15 दिनों के अंतराल पर दो से तीन बार छिड़काव करने की सलाह दी गई है।

### किसान समय-समय पर करते रहे फसलों का निरीक्षण

दूसरी संभावित बीमारी तना गलन है, जिसके पहचान के लक्षण तनों पर लम्बे आकार के भूरे जलसिक धब्बे होते हैं, जिन पर बाद में सफेद फफूंद की तह बन जाती है। उन्होंने बताया कि ये लक्षण पत्तों तथा टहनियों पर भी नजर आ सकते हैं। फूल निकलने या फलियां बनने के समय आक्रमण होने पर तने टूट जाते हैं और पौधे मुरझाकर टूट जाते हैं। ऐसे पौधों के तनों पर या तनों के भीतर काले रंग के पिंड स्कलरोशिया बनते हैं। तना गलन के उपचार के लिएए लक्षण नजर आने पर 40 से 45 दिन तथा 65 से 70 दिनों के बाद कारबेन्डाजिम का 250 ग्राम को 200 से 250 लीटर पानी में मिलाकर दो बार छिड़काव करें। अतः जिले के सभी किसान भाईयों को जागरूक करते हुए अनुरोध किया जाता है कि वे समय-समय पर फसल का निरीक्षण करते रहें। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

### 19 के बाद आएगी तापमान में गिरावट

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि मंगलवार को दिन के तापमान में सोमवार के मुकाबले पांच डिग्री की गिरावट आई है। उन्होंने बताया कि जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ में दिन व रात का तापमान क्रमशः 20.0, 6.0 डिग्री व 24.6 व 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं 19 दिसंबर के बाद तापमान में और ज्यादा गिरावट आएगी।

## सभी केसों को नालसा पोर्टल पर करें अपलोड



नारनौल। पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो : हरिभूमि

- सीजेएम ने ली पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में पैनल अधिवक्ताओं व कानूनी स्वयंसेवकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने पैनल अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि वह अपने सभी केसों को नालसा पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने बैठक के दौरान आगामी 14 मार्च 2026 को होने वाली लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग अपना केस लगवाकर अपने केसों का निपटारा करवा सकें।

उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य कमजोर व गरीब वर्ग को न्याय प्रदान करना तथा उनके अधिकारो के बारे में जागरूक करना है। गांवों में कानूनी जागरूकता शिविर लगाकर उनके अधिकारों व कृतव्यों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से समय समय पर हरियाणा राज्य विधिक प्राधिकरण पंचकूला की ओर से भेजी गई कानूनी पुस्तकें व पैंपलेट भी लोगों को वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिले में आनलाईन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया रहा है, जिसमें अधिक से अधिक लोग भाग लें।

### सुगम रेल संचालन हेतु फुलेरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य, रेल सवाएं रहेंगी प्रभावित

*नारनौल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल के फुलेरा स्टेशन यार्ड में तकनीकी कार्य हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा 30 दिसंबर, चार जनवरी, 13, 18, 19, 20, 25 व 26 जनवरी को (आठ ट्रिप) फुलेरा के स्थान पर पीपली का बास से संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा फुलेरा-पीपली का बास स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा 30 दिसंबर, चार जनवरी, 13, 18, 19, 20, 25 व 26 जनवरी (आठ ट्रिप) को रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा पीपली का बास स्टेशन तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा पीपली का बास-फुलेरा स्टेशनों के मध्य आंशिक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19620 रेवाड़ी-फुलेरा रेलसेवा 28 दिसंबर को रेवाड़ी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा पीपली का बास स्टेशन पर 50 मिनट रेगूलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 14701 श्रीगंगानगर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 29 दिसंबर, तीन जनवरी, 12, 17, 18, 19, 24 व 25 जनवरी को श्रीगंगानगर से प्रस्थान करेगी।*

## 1984 सिख दंगा पीड़ितों को कौशल रोजगार निगम से मिलेगा सम्मानजनक रोजगार

- दंगों से प्रभावित परिवारों को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार 1984 के सिख दंगों के पीड़ितों को कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरी देगी। इस संबंध में गत दिवस हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य के विभिन्न उपायुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। इस दौरान महेंद्रगढ़ जिला की तरफ से अतिरिक्त उपायुक्त उदय सिंह मौजूद थे। एसीएस ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से लिया गया यह फैसला 1984 के सिख दंगों से प्रभावित परिवारों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

मुख्य सचिव ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का मुख्य उद्देश्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत इन पीड़ितों को संविदात्मक सरकारी नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया की समीक्षा और इसका जल्द क्रियान्वयन करना है। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्त को निर्देश दिया कि वे पात्र दंगा पीड़ितों की पहचान और उनके सत्यापन की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें, ताकि उन्हें जल्द से जल्द रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले के पात्र नागरिक 18 दिसंबर दोपहर बाद तीन तक डीसी कार्यालय में सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा इस संबंध में मोबाइल नंबर 9896550535 पर संपर्क कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने मुख्य सचिव के निर्देशों को जिले में त्वरित और प्रभावी ढंग से लागू करने का आश्वासन दिया। एडीसी ने नागरिकों से आह्वान किया है कि इस योजना के पात्र परिवार जिला प्रशासन से जल्द से जल्द संपर्क करें।

## सांसद की मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग का दिखा असर

# लंबे समय से अटके पड़े कार्यों को मंजूरी मिलना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- दिल्ली के हरियाणा भवन में सांसदों के साथ मुख्यमंत्री ने की थी बैठक, मंजूर हुए मुख्यमंत्री खेत खलिहान के दर्जनों रास्ते

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की पिछले वीरवार को दिल्ली के हरियाणा भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है और ऐसे में सांसदों ने दिल्ली में डेरा जमाया हुआ। सांसद धर्मबीर सिंह ने भी अपनी लोकसभा क्षेत्र के अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स एवं कुछ ऐसे विकास कार्य जो लंबे समय से अटके पड़े थे या यूं कहें कि लटक गए थे, उन सभी को लेकर मुख्यमंत्री का समय मांगा हुआ था। इस बैठक के बारे में विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि इस बैठक में सांसद धर्मबीर सिंह ने जिला महेंद्रगढ़ के अनेक विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री से बातचीत की। उन्होंने विभाग अनुसार एक सूची भी मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को सौंपी, जिसमें विभाग अनुसार महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ लम्बे समय से लटके पड़े विकास कार्यों को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने बताया कि जिले में आईएमटी की स्थापना को लेकर भी बात रखी तथा ये भी बातचीत हुई कि इस अति महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को कैसे सिरे चढ़ाया जा सकता है। इसको लेकर सांसद ने सबसे पहले पंचायती जमीन की रजिस्ट्री करवाकर उसका भुगतान पंचायत के खाते में करने का सुझाव रखा। ऐसा करने से आसपास के किसानों में विश्वास आएगा, जिससे जमीन मिलने का रास्ता खुलेगा। इसके साथ-साथ एक तालमेल कमेटी भी बनाए जाने का सुझाव दिया, जिसमें गांव के लोगों, कुछ अन्य सक्रिय व्यक्तियों के साथ-साथ प्रशासन एवं स्थानीय प्रतिनिधि को भी रखने की बात कही।

## विभाग अनुसार महत्वपूर्ण कार्य जिन्हें लेकर सांसद ने पैरवी की

### सिंचाई विभाग

- ▶▶ जिले में विभिन्न नहरों के ऊपर 50 के लगभग ऐसी पुलिया हैं, जिनकी मंजूरी लंबे समय से अटकी हुई है।
- ▶▶ महेंद्रगढ़-कनीना सड़क पर गांव उन्हाणी के पास रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी का साइफन निर्माण।
- ▶▶ जिले के विभिन्न गांवों में दर्जनों जोहड़ों को नहरी नेटवर्क से जोड़ना।
- ▶▶ पिछली बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में मंजूर हुए गांव जेरपुर-ऊष्मापुर-राजावास प्रोजेक्ट, गांव खेड़की रीचार्ज प्रोजेक्ट एवं गांव डिगरोता प्रोजेक्ट।
- ▶▶ नांगल चौधरी विधानसभा में भूजल रीचार्ज के लिए कुछ विशेष प्रोजेक्ट्स।

### पंचायती राज

- ▶▶ जिले की लगभग छह दर्जन ग्रामीण ज्ञान केंद्र (वीकेसी) के लिए फंड जारी किया जाए।
- ▶▶ जिले में गांव सिरोही बाहली, बिगोपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण जल्द-से-जल्द पूरा किया जाए।
- ▶▶ गांव बिगोपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी का निर्माण पूरा करना।
- ▶▶ बहुत से गांवों में ग्राम सचिवालय का निर्माण पूरा करना।
- ▶▶ बहुत से गांवों में धीमी गति से चल रहे उप स्वास्थ्य केंद्रों के पुनर्निर्माण कार्य को जल्द-से-जल्द पूरा करना।

### लोक निर्माण विभाग

- ▶▶ जेरपुर पाली अंडरपास के लिए बजट स्वीकृति के साथ-साथ अन्य अंडरपास के निर्माण के लिए बजट जारी करना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ में रेस्ट हाउस निर्माण का कार्य शुरू करना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ कॉलेज में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू करना।
- ▶▶ जिले के छह करम या अधिक के ऐसे रास्ते जो राजस्थान बार्डर तक जाते हैं, उनके निर्माण को पहले मंजूरी देना-इसके अंतर्गत रावता की ढाणी से राजस्थान बार्डर, चिंडिलिया से नांगल काठा, बूढवाल से राजस्थान बार्डर तथा सतनाली बास से राजस्थान के गांव बलोदा।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ शहर के कुछ हिस्से के वैकल्पिक बाइपास के रूप में बुचौली रोड से महेंद्रगढ़-कनीना के कच्चे रास्ते को पक्का करने की मंजूरी, इसकी उपयोगिता को ध्यान में रखकर जल्द-से-जल्द की जाए। इसका लगभग चार करोड़ का ऐस्टिमेट भी भेजा जा चुका है।
- ▶▶ जिला मुख्यालय में जो भी सड़कें दूसरे जिले से जोड़ती हैं, उनकी एंट्री को फोरलेन करना तथा स्ट्रीट लाइट लगाना।
- ▶▶ महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी तथा सतनाली रास्ते को भी इसके अंतर्गत रखना।
- ▶▶ लम्बे समय से पेंडिंग पड़े बहुत से रास्तों को पक्का करने के ऐस्टिमेट को मंजूरी देना।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style

# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।




### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



## खबर संक्षेप

### विज्ञान प्रदर्शनी का बीईओ ने किया अवलोकन

**लोहारू।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि बदलते परिवेश में स्कूली स्तर पर विद्यार्थियों में विज्ञान और तकनीकी विषयों की जानकारी होना जरूरी है। खंड स्तर पर आयोजित होने वाले विज्ञान प्रदर्शनी जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक दृष्टिकोण और नवाचार की भावना विकसित करते हैं। वे स्थानीय बीईओ कार्यालय परिसर में समग्र शिक्षा के तहत एनसीईआरटी के तत्वावधान में आयोजित खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का अवलोकन कर रही थी।

### नेशनल कॉलेज में विजय दिवस मनाया

**लोहारू।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजूकेशन परिसर में 16 दिसंबर विजय दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों को विजय दिवस के महत्व बताया गया। प्राचार्य पष्मिता चौधरी ने बताया कि वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को परास्त कर बंगला देश को स्वतंत्रता दिलाई थी। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में करीब 93 हजार पाक सैनिकों ने समर्पण किया था जो भारत के लिए सैन्य इतिहास की बड़ी घटनाओं में दर्ज है। इस युद्ध में भारत ने निर्णायक जीत दर्ज की थी।

### कपिल अरोड़ा बने बीजेपी सीए सेल के प्रदेश प्रवक्ता

**लोहारू।** लोहारू निवासी सीए कपिल अरोड़ा को हरियाणा भाजपा के सीए सैल का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। कपिल अरोड़ा समारोहपूर्वक भाजपा नेताओं सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी। बता दें कि सीए कपिल अरोड़ा चार्टेड अकाउंटेंट के साथ साथ भाजपा के कुशल कार्यकर्ता रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में कपिल अरोड़ा की नियुक्ति संगठन को और अधिक सुदृढ करेगी।

### ईवीएम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने स्थानीय ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने बताया कि यह त्रैमासिक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत जिला के ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीनों की स्थिति की समीक्षा की।

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा 19 को पहुंचेगी

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय भिवानी में जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा 19 तारीख को भिवानी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जनता को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों से जोड़ने का कार्य करेगी।

### रेबीज फ्री टीकाकरण जल्द शुरू करवाया जाए

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने नगर परिषद और पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर नियंत्रण को लेकर नसबंदी व रेबीज फ्री टीकाकरण कार्य जल्द शुरू करवाएं। डीसी गुप्ता लघु सचिवालय स्थित वीसी रूम में आवारा कुत्तों की जनसंख्या पर नियंत्रण को लेकर नसबंदी व रेबीज फ्री टीकाकरण से संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। आवारा कुत्तों द्वारा विशेष कर छोटे बच्चों को काटे जाने के भय के चलते हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिए हैं।

## विद्यांतरिक्ष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

# नौवीं कक्षा के लड़कों की बोरी दौड़ में हर्ष लड़कियों की वन लेग रेस में निकिता प्रथम






भिवानी। वार्षिक खेल उत्सव में विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत करते अतिथि व वार्षिक खेल उत्सव की मटकी दौड़ स्पर्धा में भाग लेती विद्यार्थियों की अभिभावक व वार्षिक खेल उत्सव की बोरी दौड़ में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विद्यांतरिक्ष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया। समारोह के विशेष अतिथि सीनियर एडवोकेट अविनाश सरदाना, वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डॉक्टर मदन मानव, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामावतार शर्मा बतौर अतिथि मौजूद रहे।

प्रिंसिपल सुरेखा सिवाच ने वोट ऑफ थैंक्स प्रस्तुत किया। उट्घाटन समारोह के अंत में विद्यांतरिक्ष के बच्चों ने साइन लैंग्वेज में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इससे पहले सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इसके बाद अतिथियों ने स्पोर्ट्स मीट को ओपन डिक्लेयर किया और आगे की गतिविधियां शुरू की। स्कूल की तरफ से अतिथियों का स्वागत पौधा देकर और पगड़ी बांधकर किया। अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल के डायरेक्टर अमित डागर ने स्कूल में की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। विद्यांतरिक्ष स्कूल द्वारा बनाई गई खेलों पर आधारित शॉर्ट फिल्म चैंपियंस जिंदगी के का पोस्टर रिलीज किया और उसमें मुख्य किरदार निभाने वाले स्कूल के विद्यार्थी तनिष्क को उनके पैरेंट्स के साथ ₹2100 की राशि देकर सम्मानित किया। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसो. के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने कहा कि विद्यांतरिक्ष जैसे स्कूलों कि न सिर्फ भिवानी और हरियाणा को बल्कि पूरे देश को जरूरत है। विद्यांतरिक्ष शिक्षा को एक नए नजरिए से देखकर बच्चों के सर्वांगीण विकास का कार्य करता है, स्कूल डायरेक्टर डॉक्टर आरती व अमित डागर ने सभी पेरेंट्स से आग्रह किया कि वे विद्यांतरिक्ष की सोच को समाज में पहुंचाएं। इस अवसर पर स्कूल मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष अरुण मेहता, उपप्रधान देवेंद्र दहिया, सचिव अशोक शर्मा, स्कूल की फाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर आरती, अमित डागर आदि मौजूद रहे।

### नर्सरी की बैट बॉल रेस में चिराग ने मारी बाजी

कक्षा नर्सरी की बैट बॉल रेस में चिराग ने प्रथम, कशिश ने द्वितीय, आरूष ने तृतीय स्थान जीता। बनी रेस में हर्षित प्रथम, अबीर द्वितीय व साहिल तृतीय,कक्षा पीपी थ्री गर्ल्स बस्ट द बैलून में छाया प्रथम, जियांशी द्वितीय व वसुंधरा तृतीय, कक्षा प्रथम बॉयज कैटरपिलर रेस में प्रिंस व नेक्स प्रथम, हार्दिक व देव द्वितीय, कक्षा प्रथम गर्ल्स हिट दा बॉल रेस में प्रथम इशिका, द्वितीय भूमि व छवि तृतीय, कक्षा दूसरी बॉयज रेडी टू स्कूल में प्रथम यशु, द्वितीय सार्थक व पार्थ तृतीय स्थान पर रहे।

### गिलास एंड स्ट्रॉ बैलेंस रेस में आरव व हर्ष प्रथम

चौथी बॉयज की गिलास एंड स्ट्रॉ बैलेंस रेस में प्रथम आरव /हर्ष दलाल, द्वितीय पुलकित/ विहान, चौथी गर्ल्स पेपर प्लेन रेस में प्रथम दीशिका, द्वितीय अनन्या व तृतीय हर्षिता, पांचवी बॉयज फ्लैग रेस में प्रथम हनुमत, द्वितीय योगेश, तृतीय हेयान, पांचवी गर्ल्स रिंग रेस में प्रथम तन्वी दलाल/तन्वी शर्मा, द्वितीय आरोही/कीरत, छठी बॉयज बड्डी रेस में प्रथम हर्ष /तनुज, द्वितीय मयंक /कुनाल, छठी गर्ल्स स्किपिंग रोप में प्रथम तान्या, द्वितीय जिया, तृतीय पायल, सातवीं बॉयज हर्डल रेस में प्रथम कपिल रहा।

### 60 प्लस आयुवर्ग में रमेश ने लांग जम्प में गोल्ड जीता

**भिवानी।** 34वीं हरियाणा स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता दिनांक 13-14 दिसम्बर को ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकुला में हुई, जिसमें राज्य के सैंकड़ों खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। वयोवृद्ध खिलाड़ी फूलकुमार शर्मा ने 65 प्लस आयु वर्ग में पोल वाल्ट में गोल्ड मेडल जीता। वहीं 60 प्लस आयु वर्ग में खिलाड़ी रमेश श्योराण ने लांग जम्प में गोल्ड, ट्रिपल जम्प व 100 मीटर हर्डल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 50 प्लस आयुवर्ग में जोगेन्द्र सिंह ने 100 मीटर व 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। सतपाल सिंह गणित अध्यापक ने हैमर थ्रो व चक्का फैंक में स्वर्ण व शॉट पुट में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 30 प्लस आयु वर्ग में सुनील कुमार फायर ब्रिग्रेड ने 500 मीटर व 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक व लांग जम्प में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप जो 30 जनवरी से 2 फरवरी तक पटेल सांईथेटिक्स स्टेडियम अजमेर राजस्थान में होगी।

### अविनाश ने प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**भिवानी।** भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित रानीला में आयोजित खेल प्रतियोगिता में गोलागढ़ सरकारी स्कूल के छात्र अविनाश ने लंबी कूद प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के डीपीई सोमदत्त शर्मा ने बताया कि विद्यालय के छात्र हमेशा विभिन्न स्तर पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते हैं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इसी कड़ी में कक्षा बारहवीं के अविनाश ने भी विद्यालय की तरफ से हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा विजय दिवस पर प्रवक्ता मनोज भारद्वाज ने प्रकाश डाला और शहीदों को नमन किया। विद्यालय में डॉ. राजपाल सिंह नागर व प्रवक्ता कृष्णा तंवर ने लीगल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित करवाया, जिसमें बच्चों को विधिक साक्षरता अभियान के विषय में जागरूक किया, जिसमें जीतेंद्र यादव, संतोष, विनोद, मुकेश शास्त्री व चंद्र किरण आदि प्रवक्ताओं ने उक्त विषय पर विस्तार से अपने व्याख्यान रखे। विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार शास्त्री व स्टाफ सदस्यों ने सुवर्ण पदक विजेता छात्र को पारितोषिक भेंट कर पुरस्कृत किया और बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक व खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



भिवानी। विजय दिवस पर शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करते हुए।

### विजय दिवस अदम्य साहस और वीरता का प्रतीक

**भिवानी।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय चोपड़ा ने कहा कि भारत में हर वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। यह दिन 1971 के भारत–पाक युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक विजय की स्मृति में समर्पित है। इस दिन पाकिस्तान की सेना ने ढ़ाका में आत्मसमर्पण किया था, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। विजय दिवस हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और रणनीतिक कौशल का प्रतीक है। चोपड़ा मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर नेहरू पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात अपना संदेश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें राष्ट्रीय एकता, आत्मसम्मान और देश की संप्रभुता के महत्व की याद दिलाता है। विजय दिवस केवल एक सैन्य जीत नहीं, बल्कि मानवता, स्वतंत्रता और न्याय के लिए संघर्ष की प्रेरक गाथा है। इस मौके पर जिला सैनिक बोर्ड से राजेंद्र झाझडिया, धर्म सम्राट, बलवान सिंह, अमित कुमार के अलावा अनेक पूर्व सैनिक मौजूद थे।

### शहीद देश की अमूल्य धरोहरः उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने विजय दिवस के अवसर पर मंगलवार को रोज गार्डन स्थित वार मेमोरियल पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों का भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज के दिन को भारतीय सेना की अतुलनीय उपलब्धि को पूरा देश विजय दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद देश की अमूल्य धरोहर होते हैं। शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता और उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक है। जिला सैनिक बोर्ड की ओर से तीनों सेनाओं के सेवानिवृत अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारियों ने भी पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों की शहादत को नमन किया। उपायुक्त ने कहा कि देश के वीर सैनिक और जवान हमारे सुरक्षा कवच हैं। इन्हीं की बदौलत हम अपने घरों में चैन व सुख की नींद सोते हैं।



चरखीदादरी। शहीदों को श्रद्धांजलि देते उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल।

## डीडब्ल्यूपीएस, भिवानी में विजय दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

- कक्षा चौथी की छात्रा अवनी वर्मा एवं मिशिका ने देशभक्ति से भरपूर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी।




दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल (डीडब्ल्यूपीएस), भिवानी में विजय दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत नजर आया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान, वीर सैनिकों के बलिदान की स्मृति और राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना के साथ हुई। इसके पश्चात कक्षा चौथी की छात्रा अवनी वर्मा एवं मिशिका ने देशभक्ति से भरपूर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। उनके नृत्य ने सभी को भाव-विभोर कर दिया और भारतीय सैनिकों के साहस एवं त्याग की झलक प्रस्तुत की। दोनों छात्राओं की प्रस्तुति को उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने खूब सराहा। इसके उपरांत कक्षा सातवीं की छात्राओं पलक एवं आयुषी ने विजय दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय, भारतीय सेना के शौर्य, अनुशासन एवं बलिदान पर प्रकाश डाला। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

### छोटे वीर साहिबजादों की याद में होगा वीर बाल दिवस का आयोजन

**चरखी दादरी।** जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि छोटे वीर साहिबजादों की शहीदी की याद में वीर बाल दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सैंड आर्ट शॉ के माध्यम से जीवन गाथा दिखाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे लोहारू रोड स्थित जीआरवी स्कूल में होगा।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक के ऐसे विद्यार्थी भाग लेंगे, जिन्होंने हिंदी, संस्कृत, पंजाबी व अंग्रेजी भाषा में स्कूल स्तर पर निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है और ये विद्यार्थी सैंड आर्ट शॉ व उसके बाद निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



तोशाम। कार्यक्रम में पहुंचे मोहित चौधरी को सम्मानित करते हुए।

### रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: सांसद

**तोशाम।** भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के पुत्र एवं भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा नेता मोहित चौधरी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है क्योंकि रक्त का कोई भी विकल्प नहीं है। मोहित चौधरी ने कहा कि मां-बाप की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। मोहित चौधरी ने मंगलवार को गांव सरल में हवलदार स्वर्गीय प्रताप सिंह सूरा की सातवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों, युवाओं और बुजुर्गों को जेबीडीएम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए यह बात कही। मोहित चौधरी ने रक्तदान जैसे पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करते हैं तथा दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान करते हैं।

## खबर संक्षेप

### 1984 के दंगा पीड़ितों के परिजन को मिलेगी नौकरी

**भिवानी/चरखी दादरी।** डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारजनों को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देने का निर्णय लिया है। हरियाणा कौशल निगम में लेवल वन, लेवल-2 और लेवल-3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। सरकार ने हरियाणा के ऐसे परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया है, जिनके परिवार के सदस्य की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में हरियाणा या हरियाणा से बाहर मौत हुई है।

### बढ़ते नशे के खिलाफ लोगों को करें जागरूक

**भिवानी।** हम सब का दायित्व है कि समाज में बढ़ते नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करें इसलिए आज हम सब संकल्प ले कि समाज से नशे का प्रभाव खत्म करने का भरसक प्रयास करेंगे यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी एवं वैश्य महाविद्यालय भिवानी की कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त हरियाणा विषय पर आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारंभ करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता एडवोकेट अनुराधा खनगवाल एवं अधिकार मित्र जोली ने शिरकत की।

### देवेंद्र सिंह ने बैक थ्रो में द्वितीय स्थान हासिल किया

**बवानीखेड़ा।** गत दिवस हुई द्वितीय हरियाणा ओपन किड्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो कि सी.आर.ए. कॉलेज, सोनीपत में 13 व 14 दिसंबर 2025 को आयोजित करवाई गई थी। जिसमें ग्रुप-बी अंडर-12 के बच्चे शामिल रहे। इसी प्रतियोगिता में बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा का छात्र ध्रुव पुत्र श्री देवेंद्र सिंह कुमार गाँव सुई से बैक थ्रो में द्वितीय स्थान हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विजेता विद्यार्थी को बधाई दी।

### स्कूलों में स्वेटर और जूते वितरण किए

**भिवानी।** हमारा अपना फाउंडेशन द्वारा जिले के दो सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए स्वेटर एवं जूते वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सर्दी के मौसम में जरूरतमंद विद्यार्थियों को राहत प्रदान करना तथा शिक्षा के प्रति उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। पहला कार्यक्रम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गांव देवसर में आयोजित किया गया, जहां छात्राओं को स्वेटर एवं जूते वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र बड़गुजर , वाइस चेयरमैन, हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग रहे। अन्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. सुरेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या मंजू बाला ने की ।

### स्कूली बच्चों को वितरित किताए स्वेटर, किया पौधरोपण

**भिवानी।** भारतीय स्टेट बैंक से सेवानिवृत्त भिवानी निवासी प्रेम प्रकाश मेहता ने सेवा और परोपकार को चुनकर समाज के सामने एक अनूठी मिसाल पेश की है। प्रेम प्रकाश महता ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय नीता मेहता की पुण्यतिथि पर गांव सिरसा घोघड़ा स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों के बीच खुशियां बांटकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। मंगलवार को मेहता राजकीय माध्यमिक विद्यालय सिरसा घोघड़ा पहुंचे। उन्होंने विद्यालय के जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने के लिए गर्म स्वेटर और बिस्किट वितरित किए।

## सैनी नगर में 20 को मनाई जाएगी महाराजा शूरसैनी जयंती

# महाराजा शूरसैनी जयंती पर विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली

*युवाओं और बच्चों को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




भिवानी। जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

ढोबी तालाब के पास महाराजा शूरसैनी जयंती पर मेगा माइंड स्कूल के बच्चों ने नशा मुक्ति हरियाणा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। अभियान श्रीसैनी धर्मार्थ धर्मशाला एवं नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा विशेषकर युवाओं और बच्चों को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित रहा। अभियान की शुरुआत स्कूल से हुई, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा शहर के प्रमुख बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने हाथों में नशामुक्ति से संबंधित स्लोगन एवं पोस्टर लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो, नशा मुक्त हरियाणा स्वस्थ हरियाणा जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। बच्चों के उत्साह और अनुशासन ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और नागरिकों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। स्कूल की प्राचार्या मंजू शर्मा, उपप्राचार्या पूजा व सुरेश सैनी ने कहा कि नशा आज समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है, जिसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। यदि बच्चों को प्रारंभ से ही सही शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन दिया जाए तो वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि दूसरों को भी इससे बचने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि महाराजा शूरसैनी जैसे महापुरुषों की जयंती पर इस प्रकार के सामाजिक संदेश देने वाले कार्यक्रम नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने पर भी निरंतर कार्य कर रहा है।

### नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया

इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ सीमा, पिंकी, आस्था, सुनैना, सोनू, सलोनी, रीना, शिवानी, टीना, सीमा राघव, मोनिका, रेनू, संजू, मीनू, बबीता, सुमन वर्मा एवं कविता — का विशेष सहयोग रहा। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के अंत में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का आह्वान किया।

### डाइट में पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** जिला स्तरीय पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डाइट में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. नरेश गोयल ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का बहुत ही महत्व है, अध्यापक जिसमें अपने-अपने अनुभव कार्यशैली को सांझा करते हैं। कार्यशाला में जिला महेंद्रगढ़ के अधीन कार्यरत 20 हिंदी टीजीटी अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में बेस्ट प्रैक्टिसेज बाधाओं की पहचान एवं समाधान, एनसीईआरटी की नई पुस्तक, हरियाणा विशेष में नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विषय वार विद्यालय की परफॉर्मेंस समीक्षा की गई। कार्यशाला में जिला महेंद्रगढ़ के लगभग 20 हिंदी टीजीटी अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यशाला में डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. नरेश यादव निम्बहेड़ा, डॉ. नरेश गोयल ने अध्यापकों से आह्वान किया कि वह अपने-अपने विद्यालय में जाकर विषय वार बारीकी से अपने कौशल का जोर दिखाए, ताकि गरीब बच्चों को पढ़ाई में बाधाए न आए। उन्होंने बताया कि आप कड़ी मेहनत और लगन के साथ बच्चों को पढ़ाएं। परीक्षा से पहले बच्चों का होमवर्क करवाया जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मै विक्रम सिंह पुत्र हनुमान प्रसाद वासी राम नगर कालोनी नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा लडका ऋतिक मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। इसलिए मै उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने किया सिटी थाने का शैक्षणिक भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** विद्यार्थियों में कानून, अनुशासन एवं नागरिक कर्तव्यों की समझ विकसित करने के उद्देश्य से टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सिटी थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। भ्रमण के दौरान थाना अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

### दहेज प्रताड़ना में पति सास व ससुर पर केस

**नारनौल।** निजामपुर थाना क्षेत्र के गांव बामनवास में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है और पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित महिला की शिकायत पर तहसील बुहाना के गांव सुल्ताना अहीर निवासी पति दीपक, सास सुमन और ससुर बलवंत के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### पॉलिसी को लेकर नाराज हुए बिजली कर्मचारी

**नारनौल।** बिजली निगम की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में हरियाणा स्टेट इलेक्टीक बोर्ड वर्कर यूनियन ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन दिया। कर्मचारियों ने एसई कार्यालय परिसर में करीब दो घंटे तक प्रदर्शन करते हुए सरकार और निगम अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और पॉलिसी को वापस लेने की मांग की।

### लेफ्टिनेंट मंजीत का गांव पहुंचने पर किया स्वागत

**नारनौल।** गांव भोजावास निवासी स्वर्गीय महावीर सिंह तंवर के पुत्र मंजीत के भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनने के बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। बाबा जिंदा देव प्रांगण में आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने मंजीत को साफा ओढ़ाकर तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मंजीत की माता सरोज बाला व दादी भदन बाई को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर 22 से 26 तक

**नारनौल।** हरियाणा सरकार के निर्देश पर उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एलिम्को के सौजन्य से दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकजनों के लिए आगामी 22 से 26 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों पर सुबह 10 से सायं चार बजे तक चिन्हित एसेसमेंट शिवरों का आयोजन किया जाएगा।

### किड्स एथलेटिक्स में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**मंडी अटेली।** द्वितीय किड्स एथलेटिक्स हरियाणा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अटेली क्षेत्र के उभरते नन्हें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस प्रतियोगिता में अटेली के खिलाड़ियों ने कुल तीन पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी सही मार्गदर्शन और मेहनत से राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

### युवा महोत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय के एमए हिंदी अंतिम वर्ष के विद्यार्थी महेश सोनी ने राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित काव्य लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता आठ से 10 दिसंबर तक पंचकूला में आयोजित की गई।

### गुढ़ा बस स्टैंड से बाइक चोरी

**कनीना।** गुढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चुरा ले गए। इस बारे में संतोष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपनी बाइक गुढ़ा बस स्टैंड पर खड़ी की थी। इसके बार रात करीब नौ बजे उन्होंने देखा तो बाइक वहां से गायब मिली।

# 31 दिसंबर तक गोशाला में होंगे बेसहारा पशु, आवाश कुत्तों के लिए जिले में बनेंगे आश्रय स्थल, मुख्य सचिव ने की डीसी के साथ समीक्षा बैठक

बेसहारा पशुओं व आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर संयुक्त कार्य बल गठित

## डीसी कैप्टन मनोज कुमार के निर्देश योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

जिले में बेसहारा पशु व आवारा कुत्तों से निजात दिलाने के लिए अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार यह कार्य एक निश्चित अवधि में किया जाना है। यह बात उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के साथ बेसहारा पशुओं व आवारा कुत्तों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक के बाद अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। डीसी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय की ओर से जनहित याचिका के संबंध में जारी निर्देशों के अनुपालन हर हाल में की जाएगी।

### मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई

उन्होंने बताया कि जिले में एक मॉनिटरिंग कमेटी का गठन कर दिया गया है। यह कमेटी विभिन्न सार्वजनिक स्थल तथा अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर इस संबंध में कड़ी नजर रखेंगे। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। सीएमओ हॉस्पिटल में यह सुनिश्चित करेंगे कि वहां पर आवारा कुत्ते ना घूमें। जीएम रोडवेज बस स्टैंड में यह सुनिश्चित करेंगे तथा इसी प्रकार रेलवे विभाग के अधिकारी भी इस संबंध में कड़ी नजर रखेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर एक संयुक्त कार्य बल का गठन किया गया है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, पशुपालन, पुलिस, विकास एवं पंचायत विभाग के प्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने मुख्य मार्गों और राजमार्गों पर चौबीसों घंटे गश्त सुनिश्चित करने तथा बेसहारा पशुओं को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विभाग इन पशुओं को पकड़ने और चिह्नित गोशालाओं तक पहुंचाने के लिए उत्तरदायी होंगे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर चौबीसों घंटे चलने वाले सहायता केंद्र संख्या हेल्पलाइन 9306001570, 9416248495, 8307113197, 9467859544 व 01285225298 पर नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।



नारनौल। सड़क पर गोवंश। फाइल : फोटो

### बेसहारा पशुओं को पकड़कर पहुंचाया जाएगा गोशाला

डीडीए पशुपालन डॉ. चंद्रभान सोनी ने बताया कि पशुपालन विभाग की ओर से 31 दिसंबर तक बेसहारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें गोशालाओं में भेजने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला गोशालाओं में लगभग 2204 बेसहारा पशुओं के लिए स्थान उपलब्ध है। फिलहाल जिले की 23 पंजीकृत गोशालाओं में 17510 पशु हैं।

### कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए हो रही तैयारी

जिला नगर आयुक्त रणबीर सिंह ने बताया कि जिले में आवारा कुत्तों के लिए आश्रय स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा जिले में आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए नगर परिषद की तरफ से तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। नगर परिषद ने नसबंदी करने वाली एजेंसी को हायर करने के लिए टेंडर लगा दिया है।

## पूर्व प्रधान, सचिव व खजांची पर रिकॉर्ड बरामदगी के लिए होगी कानूनी कार्रवाई

# डॉ. अंबेडकर स्मारक समिति मामले में चुनाव प्रक्रिया से पूर्व प्रधान पर लगा प्रतिबंध

जुर्माना लगाने के साथ-साथ तीनों की सदस्यता भी की रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति से जुड़े लंबे समय से चले आ रहे विवाद में जिला रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी नारनौल ने कड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने पूर्व प्रधान सुंदरलाल जोरसिया, पूर्व सचिव रमेशचंद्र खिंची व पूर्व खजांची इंद्रजीत बागोतिया के खिलाफ रिकॉर्ड बरामदगी के लिए आगामी कार्रवाई करने, जुर्माना लगाने और समिति की सदस्यता रद्द कर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने व वोट डालने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। जिला रजिस्ट्रार ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि जब तक वित्तीय अनियमितताओं की संपूर्ण जांच पूरी नहीं हो जाती और पंजीकरण वर्ष से 2023 तक का समस्त रिकॉर्ड विभाग को जमा नहीं कराया जाता, तब तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। साथ ही प्रशासक एवं रिटर्निंग ऑफिसर को अतिशीघ्र ही समिति के चुनाव संपन्न कराने के निर्देश भी दिए गए हैं।





महेंद्रगढ़। डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति भवन।

### जल्द होगा नई कार्यकारिणी का गठन

जिला रजिस्ट्रार के आदेशों में स्पष्ट कर दिया गया है कि रिकॉर्ड बरामदगी और जांच के साथ-साथ अब समिति के हित में शीघ्र नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, ताकि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति को विवादों से बाहर निकालकर पारदर्शी और नियमबद्ध तरीके से संचालित किया जा सके।

### रिकॉर्ड न देने से तीन वर्ष अटकी रही चुनाव प्रक्रिया

आदेशों में उल्लेखित किया गया है कि पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारियों को बीते लगभग तीन वर्षों में दर्जनों नोटिस जारी किए गए, लेकिन इसके बावजूद समिति का समस्त आवश्यक रिकार्ड जानबूझकर जमा नहीं कराया गया। रिकॉर्ड के अभाव में समिति की चुनाव प्रक्रिया लगभग तीन साल तक पूरी तरह ठप रही, जिसकी जिम्मेदारी पूर्व प्रधान, सचिव व खजांची पर तय की गई है। इसलिए इस अवधि का 100 प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया गया है।

### वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप

दूसरी ओर शिकायतकर्ता सुरेदश चंद्र सिरोहा ने आरोप लगाते हुए बताया कि दस्तावेजों के आधार पर शिकायतों एवं आरटीआई से प्राप्त सूचना के आधार पर पूर्व कार्यकारिणी पर चंदा व दान के रिकॉर्ड में हेराफेरी, सरकारी अनुदान का लेखा-जोखा प्रस्तुत न करना, दो-दो कैश बुक रखना, कच्चे व संदिग्ध बिल, गलत बैलेंस शीट, सदस्यता शुल्क में भारी गड़बड़ी तथा भवन निर्माण में करोड़ों रुपये के लेनदेन में भ्रष्टाचार की आशंका जैसे गंभीर आरोप सामने आए हैं। विभाग द्वारा इस मामले में स्पेशल ऑडिट के आदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिसके लिए रिकॉर्ड की बरामदगी अनिवार्य

### एचआरआरएस एक्ट 2012 के तहत सख्त कार्रवाई

सिरोहा ने बताया कि जिला रजिस्ट्रार ने एचआरआरएस एक्ट 2012 की धारा 73 व 74 के तहत यह कार्रवाई की है। जांच में यह भी सामने आया कि समिति का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड गैर–कानूनी रूप से निजी कब्जे में रखा गया, जो एक गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

### क्या कहना है समिति के प्रशासक का

समिति के प्रशासक व पूर्व सीएमओ डॉ. ओपी आर्य ने कहा कि पूर्व प्रधान और उनकी कार्यकारिणी की लापरवाही व मनमानी के कारण समाज को लंबे समय तक परेशानी झेलनी पड़ी। रिकॉर्ड की अव्यवस्था और लगातार बहानेबाजी के चलते चुनाव नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि नियम सभी के लिए समान हैं। अब प्रशासनिक कार्रवाई के बाद जल्द ही समिति की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### सील खुलवाई

प्रशासनिक निर्देशों के तहत बीते तीन नवम्बर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट, जिला रजिस्ट्रार, प्रशासक, समिति सदस्यों एवं समाज के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन के सीलबंद कमरे की ताला-सील खुलवाई गई, लेकिन वहां कोई भी कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं मिला। इससे यह स्पष्ट हुआ कि पूर्व पदाधिकारियों द्वारा लगातार बहाने बनाकर प्रशासन, समाज और समिति सदस्यों को गुमराह किया जा रहा था।



नारनौल। खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## बीकेएन स्कूल सिहमा में खेलकूद प्रतियोगिता

# 400 मीटर दौड़ में 12वीं का तरुण प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

बीकेएन स्कूल सिहमा में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलों का उद्घाटन संस्था के प्राचार्य राजेश व उपप्राचार्य जसवंत सिंह ने झंडी दिखाकर किया। जिसमें 400 मीटर दौड़ में 12वीं कक्षा से लड़कों में तरुण पुत्र प्रभ्रुदत्त प्रथम, क्रिष पुत्र महेंद्र द्वितीय, निखिल पुत्र संजय तीसरे स्थान पर रहा। कक्षा 11वीं लड़कों में मुकुल प्रथम, कपिल द्वितीय व तरुण तीसरे स्थान पर रहा। 10वीं में नैतिक प्रथम, मयंक द्वितीय, जतिन तीसरे स्थान पर रहा। नौवीं पुनीत प्रथम, खुशाल द्वितीय, रितेश तृतीय स्थान पर रहा। 11वीं लड़कियों में अनामिका प्रथम, चंचल द्वितीय, दिव्या 200 मीटर दौड़ में तीसरे स्थान पर रही। 12वीं से अनीशा प्रथम, तनीषा द्वितीय, खुशी तीसरे स्थान पर रही। 10वीं से रौनक व अंजलि प्रथम, वंशिका द्वितीय व मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### ये रहे परिणाम

कक्षा छठी से आठवीं 200 मीटर दौड़ लड़कों में राहुल, लोकेश, सुमित प्रथम, लक्ष्य, हर्ष, खुशाल द्वितीय, गौरव, मोहित, भविष्य तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा छठी आठवीं लड़कियों 200 मीटर दौड़ में मानसी, इशा, निशा प्रथम, वंदना, प्रतिभा, नेहा द्वितीय, दिव्या, रक्षित, माही तीसरे स्थान पर रही। कक्षा एक से पांचवीं 100 मीटर दौड़ में समीर, ईशान, यशु प्रथम, पुनीत, सूर्यांश, कवि द्वितीय, रौनक, दक्ष, ऋषभ तीसरे स्थान पर रहे। खो खो लड़कों ने 10वीं विजेता, जूनियर वर्ग में सातवीं क्लास विजेता, छठी भी विजेता रही। प्राइमरी वर्ग में खो खो लड़कों में कक्षा तीन विजेता रही व लड़कियों की खो खो में कक्षा चौथी विजेता रही। वॉलीबॉल नौवीं व 10वीं में 10वीं की टीम विजेता रही। 11वीं व 12वीं की टीमों में 11वीं की टीम विजेता रही। पीटीआई प्रवीण ने खेलों का आयोजन कराया। जिसमें कृष्ण, संदीप, विकास, सत्यनारायण, संजय ने सहयोग किया।

## गौड़ ब्राह्मण सभा की प्रतियोगिता में हैप्पी स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी



**महेंद्रगढ़।** गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से 13 व 14 दिसंबर को आयोजित विभिन्न शैक्षणिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता में हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन प्रतियोगिता में विद्यालय की चार छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विभिन्न स्थान प्राप्त किए। भाषण प्रतियोगिता में नैंसी शर्मा ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रिया ने अपने ओजस्वी विचारों से श्रोताओं को प्रभावित करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं कविता पाठ प्रतियोगिता में हर्षिता एवं ईशा ने सराहनीय काव्य पाठ प्रस्तुत कर सांत्वना स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा। प्रतियोगिता के समापन पर आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति, मुख्यमंत्री के ओएसडी अभिमन्यु राव तथा पूर्व विधायक ओमप्रकाश यादव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

# बूथ स्तर से लेकर सर्वोच्च पद भाजपा में ही संभव

नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले राकेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नितिन नबीन को प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राकेश शर्मा ने दिल्ली में भाजपा कार्यालय में भेटकर बधाई दी। एडवोकेट राकेश शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन एक अनुभवी संगठनकर्ता, पांच बार विधायक व जनसेवा के प्रति समर्पित नेता हैं। युवा मोर्चा से लेकर राज्य सरकार में मंत्री पद व राष्ट्रीय संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक उनका राजनीतिक सफर अनुशासन, परिश्रम और संगठन के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि बूथ स्तर से लेकर सर्वोच्च पद तक की यात्रा भाजपा में ही संभव है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चयन इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि भाजपा में पद नहीं बल्कि क्षमता, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण को प्राथमिकता दी जाती है।



नारनौल। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलते राकेश शर्मा। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों ने भाषण, पोस्टर मेकिंग, देशभक्ति नारे तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया

- यदुवंशी स्कूल में विद्यार्थियों ने विजय दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में विजय दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, देशभक्ति नारे तथा सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। छात्रों ने अपने भाषणों के माध्यम से युद्ध में वीर सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को भावपूर्ण शब्दों में प्रस्तुत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्रों ने देशभक्ति, वीरता और तिरंगे के सम्मान को सुंदर चित्रों के माध्यम से दर्शाया।





महेंद्रगढ़। बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान

सभी गतिविधियों का उद्देश्य छात्रों में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करना था। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक दिन नहीं, बल्कि यह हमें हमारे सैनिकों के साहस, त्याग और देशप्रेम की याद दिलाने वाला दिन है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे इन महान शहीदों से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को अपने जीवन का आधार बनाएं। आज का छात्र ही कल का जिम्मेदार नागरिक बनेगा और देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।

## आज से महेंद्रगढ़, कनीना, बुचावास डिविजन के कर्मचारी भी विरोध प्रदर्शन में लेंगे हिस्सा

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में तीसरे दिन भी किया विरोध प्रदर्शन

कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीओ का एक पत्र भी सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम कार्यालय में सोमवार को एचएसईबी वर्कस यूनियन हैड कार्यालय भिवानी के आह्वान पर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ कर्मचारियों ने दो घंटे विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने इस दौरान नारेबाजी भी की। इसके अलावा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीओ का एक पत्र भी सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने दो घंटे तक जोरदार प्रदर्शन कर पॉलिसी को वापस लेने की मांग की। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने एकजुट होकर सरकार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की व ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को अव्यवहारिक बताया। कर्मचारियों के इस विरोध प्रदर्शन में सब अर्बन, सब यूनिट महेंद्रगढ़ व सिटी एल सब यूनिट के कर्मचारी शामिल रहें। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता सिटी सब यूनिट प्रधान प्रवीण व मंच संचालन सिटी सब यूनिट सचिव नवीन लखेरा ने किया। उन्होंने कहा कि यूनियन ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का कड़ा विरोध करती है। यह पॉलिसी तकनीकी कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है और इसे बिना सुधार लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि तकनीकी कर्मचारियों का हर दो साल में ऑनलाइन ट्रांसफर किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। एसडीओ को पत्र सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सब यूनिट प्रधान शेरसिंह, यूनिट सचिव अनिल, नवीन, सचिव दीपक यादव, प्रधान प्रवीण, सचिव नवीन, सचिव दीपक, जेई जितेंद्र, जेई नवीन, एएलएम संजीव, एलएम अजय, एलडीसी राकेश, एएफएम ओमप्रकाश, एएफएम वीरेंद्र, एएफएम रविंद्र, मंजीत, योगेश, एलएम प्रदीप सहित अनेक बिजली निगम कर्मचारी मौजूद रहे।





# एमआर स्कूल अटेली के बच्चों ने खेलकूद में दिखाई रुचि

**नारनौल।** अटेली स्थित एमआर पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने आयोजित खेलकूद से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें नर्सरी से लेकर तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने अपने अपने स्तर की खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया। 50 मीटर दौड़ में अवनी, अंशुल, चेतन, जया, अरुण, जैविक, दर्शित, अर्णव, अरुण, जया, हिमायारा, पीयूष, रिया ने प्रथम स्थान पाया। वहीं तृष्णा, देवांशु, पीयू, निखिल, कल्पना, प्रतिज्ञा, मयंक, रचित, कल्पना, स्नेहाए नैंसी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में मानवी, अर्पित, कौशांक, इशांत, तानिया, आराध्या, दीक्षित, रचित, उपदेव, मान्य, मुस्कान व खुशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।